माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 690 /10 /एके0/MSU/2024–25 दिनांक : 26-7-24

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ के संलग्न के पत्र संख्या– 211/सं सं/24, दिनांक : 20.07.2024 का संदर्भ करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र–छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले राज्य/निजी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के इच्छुक छात्र दिनांक : 10 अगस्त, 2024 तक http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देश के क्रम में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों को प्रोत्साहित करते हुये वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं हेतु http://upsanskritpratibhakhoj.com पर ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. निदेशक, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, नया हैदराबाद, लखनऊ।
02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

उपकुलसचिव

कार्या. फोन : (0522), 2780251, 2781352
ई–मेल : upsanskritsansthanam@yahoo.com

उत्तर–प्रदेश–संस्कृत–संस्थानम्

(भाषा विभाग, उ.प्र. शासन के नियंत्रणाधीन)
संस्कृत–भवनम्, नया हैदराबाद, लखनऊ – 226 007
वेबसाइट : www.upsanskritsansthanam.in

पत्रांक 211/संसं/24
दिनाङ्क 20/07/24

प्रेषक,

निदेशक,
उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान
नया हैदराबाद, लखनऊ।

सेवा में,

कुलसचिव,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय
पुंवारका, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश 247120

विषयः- संस्कृत प्रतिभा खोज 2024 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में छात्र / छात्राओं को प्रतिभाग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्र-छात्राओं के लिए जनपद, मंडल तथा राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली मंडल तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में किसी भी विषय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा में अध्ययन करने वाले राज्य/ निजी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के इच्छुक छात्र दिनांक 10 अगस्त 2024 तक http://upsanskritpratibhakhoj.com पर जाकर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मंडल से आरंभ होने वाली **संस्कृत गीत (युवा वर्ग)** तथा राज्यस्तरीय **संस्कृत भाषण** एवं **संस्कृत श्रुतलेखन** प्रतियोगिता में सभी विषयों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए जूम / मीट पर ऑनलाइन अर्हता परीक्षा आयोजित होगी। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी को मंडल तथा राज्य की प्रतियोगिता में प्रवेश दिया जाएगा।

पुरस्कार राशि

	मंडलस्तरीय प्रतियोगिता	राज्यस्तरीय प्रतियोगिता
प्रथम स्थान	रू.3000/-	रू.11000/-,
द्वितीय स्थान	रू. 2000/-	रू. 7000/-,
तृतीय स्थान	रू.1000/-	रू.5000/-
सान्त्वना	-	रू.3000/- (कुल तीन पुरस्कार)

मण्डल तथा राज्यस्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र / योग्यता प्रमाणपत्र तथा संस्थान द्वारा निर्धारित मार्गव्यय दिया जाएगा।

मंडल स्तर पर आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हेतु निर्धारित तिथि निम्नवत् है-

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की तिथि –	10 अगस्त 2024 तक
⇨ मंडलस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियागिता -	15 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक
⇨ राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता -	16 - 17 अक्टूबर 2024 (लखनऊ में)

प्रतियोगिताओं के प्रचार-प्रसार के लिए संयोजक तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु विद्यालय / महाविद्यालय निर्धारित किए गये हैं।

प्रतियोगिता से सम्बन्धित नियमावली, जनपद संयोजक का नाम, सम्पर्क सूत्र, प्रतियोगिता स्थल आदि विस्तृत विवरण https://upsanskritpratibhakhoj.com पर द्रष्टव्य है।

अतः अनुरोध है कि संस्कृत प्रतिभा खोज की संस्कृत गीत (युवा वर्ग) संस्कृत भाषण तथा संस्कृत श्रुतलेखन प्रतियोगिता में अपने विश्वविद्यालय तथा संबद्ध कॉलेज के छात्र/छात्राओं को प्रतिभाग कराने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नक- यथोक्त।

(विनय श्रीवास्तव)
निदेशक